# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in


क्रमांक/व्यापम/2022/5326 रायपुर, दिनांक 21/10/22

## प्रेस विज्ञप्ति

### छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET)– 2022 के अंतिम उत्तर एवं परीक्षा परिणाम जारी करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा संचालक, राज्य शैक्षिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET22) का आयोजन दिनांक 18 सितंबर 2022 को दो पालियों में किया गया । प्रथम पाली में कक्षा एक से पॉच तक अध्यापन पात्रता हेतु परीक्षा पूर्वान्ह 9:30 से 12:15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में कक्षा छः से आठ तक अध्यापन पात्रता हेतु परीक्षा अपरान्ह 2:00 से 4:45 बजे तक आयोजित की गई थी।

2. उक्त परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.10.2022 को प्रदर्शित किया गया था । प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया । इसके पश्चात् अंतिम उत्तरों के साथ परीक्षा परिणाम तैयार किया गया ।

3. घोषित परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.10.2022 को प्रदर्शित कर दिया गया है । परीक्षार्थी अपने रोल नंबर के आधार पर उक्त वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं । परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थियों को पात्र (Eligible) अथवा अपात्र (Not Eligible) दर्शाया गया है ।

4. जिन परीक्षार्थियों को इस परीक्षा में पात्र घोषित किया गया है, उन्होंने प्राविधिक रूप से इस शर्त पर पात्रता प्राप्त की है कि वे विज्ञापन में दी गई पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर